पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0

राज्यपाल ने मुख्यमंत्री की संस्तुति पर दो मंत्रियों को पदमुक्त किया

लखनऊः 12 सितम्बर, 2016

उत्तर प्रदेश के राज्यपाल श्री राम नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव की संस्तुति पर मंत्री भूतत्व एवं खनिकर्म विभाग श्री गायत्री प्रसाद प्रजापति एवं मंत्री लघु सिंचाई, पशुधन एवं पंचायती राज विभाग श्री राज किशोर सिंह को मंत्री पद से बर्खास्त कर दिया है। दोनों मंत्रियों को पदमुक्त करने संबंधी पत्रावली राज्यपाल के अनुमोदन हेतु आज राजभवन में प्राप्त हुई थी।

श्री नाईक ने मुख्यमंत्री श्री अखिलेश यादव को लघु सिंचाई एवं पशुधन विभाग का अतिरिक्त प्रभार सौपते हुए, श्री राम गोविन्द चौधरी मंत्री समाज कल्याण, अनुसूचित जाति एवं जनजाति कल्याण, सैनिक कल्याण को पंचायती राज विभाग तथा श्री मूलचंद चौहान राज्यमंत्री (स्वतंत्र प्रभार) उद्यान, खाद्य प्रसंस्करण को भूतत्व एवं खनिकर्म का अतिरिक्त प्रभार उनके वर्तमान विभागों के साथ आवंटित किया है।

अंजुम/ललित/राजभवन (327/19)